शनिवार, 06 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई

दैनिक सिटी न्यूज मुंबई

सच का जोश

वर्ष 13 • अंक: 135 CITY NEWS MUMBAI

## उत्तर प्रदेश में 8264 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा, 55 लाख 25 हजार 288 विद्यार्थी पंजीकृत



प्रयागराज। एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर माध्यमिक शिक्षा परिषद (UP Board) की 2024 हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए प्रदेश में कुल 8264 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वर्ष 2023 की तुलना में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वर्ष 2024 में 489 परीक्षा केन्द्र कम बनाए गए हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के लिए 8264 केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कुल 55 लाख 25 हजार 288 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि इसके बाद कोई भी नया केंद्र नहीं शेष पृष्ठ 7 पर

# आव्हाड बदनाम होकर नाम कमाना चाहते हैं: फडणवीस

मुंबई। राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड के प्रभु श्रीराम के बारे में दिए विवादित बयान पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टिप्पणी की है। पिंपरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आव्हाड का बयान बचकाना है। हिंदी में एक कहावत है कि 'बदनाम हुए तो क्या हुए नाम तो हुआ'.... वे ऐसा ही कर रहे हैं, यह जितेंद्र आव्हाड का स्वभाव है। हकीकत में भगवान राम सभी के हैं। फडणवीस ने कहा कि बहुजन, अभिजन, दलित आदिवासी, देश में ऐसा कौन है? जिसके भगवान श्रीराम नहीं है। ऐसे में बेवजह शाकाहारी, मांसाहारी का उल्लेख



करते हुए लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। वारकरी, मालकरी, धारकरी, टालकरी ये सभी बहुजन समाज से आते हैं और सभी प्रभु श्रीराम को मानते हैं। ये सभी लोग शाकाहारी है, क्या यह उनका अपमान नहीं है? ऐसे में बिना वजह विवाद पैदा करना, लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना और अशांति पैदा करना गलत है। खुद को हिंदुत्ववादी कहने वाले लोग इस पर चुप हैं, मुझे आश्चर्य है कि वे विरोध भी नहीं कर रहे हैं। अभी हाल ही में शिर्डी में हुए राकांपा के राज्य स्तरीय शिविर में जितेंद्र आव्हाड ने कहा था कि वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम मांसाहार का सेवन करते थे। इससे राज्य भर में प्रतिक्रिया देखने को मिली।बात में आव्हाड ने अपने बयान पर खेद भी प्रकट किया।

पुणे पुलिस में शिकायत

प्रभु श्रीराम के बारे में विवादित बयान देने वाले राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ पुणे के विश्रामबाग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है।मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के शहर अध्यक्ष धीरज शेष पृष्ठ 7 पर

## राज्य में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रही है नई शिक्षा नीति -चंद्रकांत पाटिल

### मुंबई विश्वविद्यालय में आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला

मुंबई। उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राज्य में नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है. इस संबंध में अधिक स्पष्टता प्राप्त करने के लिए केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री,नीति आयोग,यूजीसी एनएएसी के साथ समन्वय के बाद उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से दिल्ली की तर्ज पर मुंबई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। शुक्रवार को मंत्रालय में



उच्च शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित की गई जिसमें राज्य के उच्च शिक्षा तकनीकी मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने यह जानकारी दी. पाटिल ने कहा कि राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने नई शिक्षा नीति को लेकर विभिन्न पहल और नवीन योजनाएं लागू की हैं। इस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करते समय अधिक स्पष्टता और अधिक जानकारी के लिए विभाग को नीति आयोग के साथ एक कार्य समूह बनाना चाहिए और अनुवर्ती कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य में मौजूदा समय में 200 ऐसे कॉलेज है शेष पृष्ठ 7 पर

## अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की गांव की दो संपत्तियां हुईं नीलाम, दो करोड़ रुपये से ज्यादा में बिकीं



महाराष्ट्र में भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों से संबंधित दो भूखंडों को शुक्रवार को हुई नीलामी में दो करोड़ रुपये से अधिक में बेच दिया गया. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. नीलामी का आयोजन तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेरकर्ता (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी की ओर से किया गया. अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के तटीय रत्नागिरी जिले की खेड़ तहसील के मुंबके गांव में स्थित कुल चार संपत्तियां नीलामी के लिए उपलब्ध थीं, लेकिन इनमें से दो के लिए कोई बोली नहीं लगाई गई. उन्होंने बताया कि अन्य दो संपत्तियों के लिए शेष पृष्ठ 7 पर

# महालक्ष्मी रेसकोर्स की जमीन बेचने पर उतारू है राज्य सरकार- आदित्य ठाकरे

मुंबई। महालक्ष्मी रेसकोर्स (Mahalaxmi Race Course) की जमीन निजी बिल्डरों के हाथो में बेचने की तैयारी राज्य सरकार ने की है।इस तरह का आरोप शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे (Aditya Thackeray) ने लगाया है। आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे (Eknath Shinde) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे अपने करीबी बिल्डर को बेचने का निर्णय लिया है। शिंदे ने इसी के चलते महालक्ष्मी रेसकोर्स के प्रबंधन पर रेसकोर्स का एक हिस्सा विकसित करने के लिए मजबूर कर रहे है। आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया है कि वर्षा बंगला पर हुई बैठक में महालक्ष्मी रेसकोर्स की 226 एकड़ खुली जमीन को बेचने के लिए औपचारिक अनुमति दी है।



उन्होंने बिल्डर के द्वारा जमीन हड़पने की अनुमति इस बैठक में दे दी है। आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को ट्वीट कर राज्य सरकार पर आरोपों की झड़ी लगाई। ठाकरे ने आरोप लगाया की 6 दिसंबर 2023 को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री के सरकारी आवास वर्षा बंगले पर एक बैठक हुई थी. बैठक में मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल और रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब (आरडब्ल्यूआईटीसी) के अधिकारी मौजूद थे। वरिष्ठ अधिकारी ने 226 एकड़ खुली जमीन को विकसित करने की औपचारिक अनुमति देकर जमीन को हड़पने की सहमति दी हैं। आदित्य ठाकरे ने कहा कि उन्होंने सुना है कि 91 एकड़ का प्लॉट आरडब्ल्यूआईटीसी के पास रखा जाएगा। आरडब्ल्यूआईटीसी शेष पृष्ठ 7 पर

# 'पंचायत से संसद तक' कार्य क्रम में भाग लेने संसद पहुंची 500 महिलाएं, लोकसभा अध्यक्ष ने कही ये बात



संसद ने शुक्रवार को विभिन्न राज्यों की पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों की विभिन्न पृष्ठभूमि की 500 से अधिक महिला प्रतिनिधियों के लिए 'पंचायत से संसद तक' नामक एक कार्यक्रम की मेजबानी की। जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर की महिला नेताओं को सशक्त बनाना और उनका समर्थन करना है। पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों की महिला प्रतिनिधियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संवैधानिक संसदीय अध्ययन संस्थान (आईसीपीएस) ने राष्ट्रीय महिला आयोग के समन्वय से किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत विकास और महिला सशक्तिकरण में महिलाओं की भागीदारी से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और महिला नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने संसद के नए भवन के पहले ही सत्र में ऐतिहासिक अधिनियम पारित किया। इस अधिनियम का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में कुल सीटों का एक-तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित करना है। यह निर्णय लेने की प्रक्रिया में नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं को लाने में एक गेम-चेंजर साबित होगा। बिरला ने कहा कि लैंगिक समानता पर हमारे संविधान के उद्देश्यों और मौजूदा वास्तविकताओं के बीच की दूरी को अभी पूरी तरह से पाटना बाकी है। सरकार की हालिया पहलों ने महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन में मुख्यधारा में लाने के लिए समान अवसर प्रदान किए हैं। बिरला ने भारत की गौरवशाली आर्थिक यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया के लिए एजेंडा तय कर रहा है। भारतीय महिलाएं और युवा अन्य देशों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने देश में आर्थिक विकास की गति को तेज करने के लिए हमारे गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामीण विकास में महात्मा गांधी के दृष्टिकोण को साकार कर रहे हैं। महिलाओं के विकास पर बोलते हुए बिरला ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में विकास में सबसे आगे हैं। हालांकि, हमें इस अंतर को पाटने की जरूरत है ताकि विकास की मौजूदा गति तेज हो। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता के बिना गरीबी उन्मूलन, आर्थिक वृद्धि, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की मौजूदा चुनौतियों को हासिल करना मुश्किल होगा। बिरला ने पंचायतों को ग्रामीण स्तर पर बदलाव का वाहक बनाने का आह्वान किया और कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की जीवनदायिनी के रूप में उभर रही हैं।

# एक जनवरी को लॉन्च हुए XPoSat पर बोले इसरो प्रमुख सोमनाथ, कहा- उपग्रह अच्छी तरह से काम कर रहा



जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पहुंचे इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने पत्रकारों से नए साल पर इसरो द्वारा लॉन्च पीएसएलवी एक्सपोसेट पर बयान देते हुए कहा कि एक जनवरी को प्रक्षेपित पीएसएलवी एक्सपोसेट बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा है। गौरतलब है कि दीक्षांत समारोह के दौरान जेएनटीयू ने उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफ( मानद उपाधि) से सम्मानित किया गया है।

एक्सपोसैट उपग्रह अच्छे से काम कर रहा- सोमनाथ

इस कार्यक्रम से इतर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एक्सपोसैट उपग्रह अच्छे से काम कर रहा है। इसके सभी उपकरण अब धीरे-धीरे अपने काम के लिए सक्रिय हो गए हैं। हमें जल्द ही परिणामों के बारे में पता चल जाएगा। यह उपग्रह अच्छे से काम कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में कई बड़े प्रोजेक्ट प्रस्तावित हैं, जिन्हें लॉन्च किया जाएगा। अगला प्रक्षेपण एक जीएसएलवी प्रक्षेपण, इन्सैट-3डीएस है। जिसका लाभ हमें मौसम घटनाओं को समझने में मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये बारिश, सूखे, मौसम, चक्रवातों की समझने के लिए उपयोगी होगा। यह जनवरी माह में ही लॉन्च होगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 2024 गगनयान वर्ष होने जा रहा है। गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए भी कई लॉन्च होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अन्य प्रक्षेपणों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण और जीएसएलवी प्रक्षेपण शामिल हैं।

इसरो के कार्यक्रमों को लेकर लोग खासा उत्साहित- सोमनाथ

आदित्य एल1 पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि छह जनवरी को आदित्य एल1 लैग्रेंज बिंदु पर स्थापित हो जाएगा। यह उपग्रह सूर्य से आने वाली सौर पवनों के साथ सौर घटनाओं पर जानकारी इकट्ठा करेगा। दीक्षांत समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जो भी इसरो करता है उससे समाज को लाभ होता है और लोग इसको लेकर काफी उत्सुक रहते हैं। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन ने दुनिया के अन्य मिशनों की तुलना में काफी कम लागत पर अपनी लैंडिंग पूरी की। इसरो प्रमुख ने छात्रों से व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों तरह से भावी जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जुनून, उत्कृष्टता, फोकस और सीखने की इच्छा के गुण विकसित करने का आह्वान किया।

# गणतंत्र दिवस शिविर में 2274 NCC कैडेट्स शामिल, रक्षा बलों की दो महिला टुकड़ी परेड में करेगी मार्च



गणतंत्र दिवस के मौके पर इस साल कुल 2,274 कैडेट दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा लेने वाले हैं। एनसीसी के महानिदेशक ने बुधवार को कहा कि इसमें महिला कैडेटों की भागीदारी बढ़ेगी। दिल्ली छावनी में एक प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने यह भी कहा कि हर साल एनसीसी में लड़कियों के नामांकन में लगातार वृद्धि हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा कि पूर्वोत्तर की 45 लड़कियों वाला एक बैंड पहली बार इस शिविर में भाग ले रहा है। इस बैंड के सदस्य 13 से 15 आयु वर्ग के हैं, जो पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। देश के हर कोने तक एनसीसी की पहुंच का प्रदर्शन करते हैं।

पीएम रैली के साथ होगा समापन

एनसीसी आर-डे कैंप का उद्घाटन उपराष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा और पीएम रैली के साथ इसका समाप्त होगा। उन्होंने कहा, 'इस साल के एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के लिए, हमारे पास 2,274 कैडेट हैं और इस साल लड़की कैडेटों की भागीदारी बढ़ी है, क्योंकि उनमें से 907 इस साल के शिविर में होंगी। इन कैडेटों में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों के 122 के साथ-साथ पूर्वोत्तर के 177 कैडेट भी शामिल हैं। इसके अलावा यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 25 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भाग लेंगे। पिछले साल सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार 2023 में लगभग एक महीने तक चलने वाले शिविर में सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों से आए 710 लड़कियों सहित कुल 2,155 कैडेटों ने भाग लिया था। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने बुधवार को बताया कि सर्वश्रेष्ठ दल, सर्वश्रेष्ठ कैडेट और घुड़सवारी से लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। शिविर में पूरे वर्ष दिए गए एनसीसी प्रशिक्षण का सार शामिल है।

हर साल औसतन एक प्रतिशत हो रही वृद्धि

बता दें कि शिविर दिल्ली छावनी के करियप्पा परेड ग्राउंड में लगता है। वहीं, ब्रीफिंग के दौरान मौजूद एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'एनसीसी में बालिका कैडेटों की संख्या में औसतन हर साल एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है'। उन्होंने आगे बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ राज्यों और केरल में इनका आंकड़ा 50 प्रतिशत के करीब है। वह बोले, 'हमारा लक्ष्य 40 प्रतिशत तक पहुंचना है।' उन्होंने कहा कि अगले साल तक एनसीसी को यह आंकड़ा छू लेना चाहिए। हर साल, इसमें लगातार वृद्धि हो रही है।

गणतंत्र दिवस परेड में रक्षा बलों की दो महिला टुकड़ी करेगी मार्च

वहीं, इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में रक्षा बलों की दो महिला टुकड़ियों के मार्च करने का कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों ने कहा, '144 कर्मियों सहित एक टुकड़ी में सभी महिला सैनिक मौजूद होंगी, जिनमें 60 सेना से और शेष भारतीय वायु सेना और नौसेना से रहेंगी।' इस दल में महिला अग्निवीर सैनिक शामिल होंगी जो नौसेना और वायु सेना से होंगी। वहीं, एक अन्य महिला दल सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशालय से होगा, जिसमें सैन्य नर्सिंग सेवाओं की नर्सें शामिल होंगी और परेड में उनका नेतृत्व महिला डॉक्टर करेंगी।

# सीएम धामी ने किया राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ, की दो बड़ी घोषणाएं



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास खंड कार्यालयों में युवाओं के कौशल विकास के लिए विवेकानंद यूथ कौशल विकास सेल बनाए जाने और युवक मंगल दल/महिला मंगल दल के प्रभावी उपयोग के लिए यथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष युवा महोत्सव की थीम यूथ एज़ जॉब क्रिएटर रखी गई है, जो राज्य के युवाओं पर सटीक भी बैठती है। हमारे युवा अब रोजगार पाने के साथ-साथ रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक राज्य में 3900 से अधिक उभरते खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति दी गई है। प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी दी जा रही है।

# गूगल पर दूसरे दिन भी सबसे ज्यादा सर्च किया जाने वाला कीवर्ड लक्षद्वीप, PM मोदी ने किया था दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप दौरे की तस्वीरें साझा की थीं। तबसे लगातार दूसरे दिन गूगल सर्च इंजन पर सबसे ज्यादा खोजे जाना वाला कीवर्ड लक्षद्वीप बना हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को पर्यटन स्थलों के बारे में घूमने की राय दी है और उसके बाद वहां घूमने वालों की बाढ़ आ जाती है। पीएम मोदी ने 2021 में कोविड महामारी के बाद लोगों से कश्मीर में जबरवान की तलहटी में ट्यूलिप गार्डन घूमने के लिए कहा था, तो वहां पर्यटकों का तांता लग गया था। इसके अलावा, पीएम मोदी से प्रेरित होकर लोग केदारनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकाल जैसे मंदिरों में भी पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप की यात्रा के दौरान स्नॉर्कलिंग की। उन्होंने स्नॉर्कलिंग से लेकर सफेद रेत पर चलने और समुद्र तट आराम करने की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में लक्षद्वीप की खूबसूरती देखकर घूमने के शौकीन ज्यादातर लोग अब वहां यात्रा की योजनाएं बनाते दिख रहे हैं। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर कहा कि उनकी इस यात्रा ने लक्षद्वीप में पर्यटन की अपार संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, लक्षद्वीप का दौरा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन की अपार संभावनाओं की तरफ ध्यान आकर्षित किया है। यह हम सभी के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उम्मीद है ज्यादा से ज्यादा पर्यटक लक्षद्वीप की समृद्धि में योगदान देंगे।

दैनिक सिटी न्यूज़ मुंबई
CITY NEWS MUMBAI
शनिवार, 06 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई


# पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हमला

## टीएमसी नेता के घर छापेमारी कर रही थी ईडी की टीम, कारों के शीशे तोड़े

पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में शुक्रवार को ईडी और सीआरपीएफ की टीम पर भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। करीब 200 लोगों ने जांच एजेंसी के दो वाहनों में तोड़फोड़ की। इसमें कुछ अफसरों के सिर में चोट आई हैं। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

### कुछ अफसरों के सिर में चोट आई

### ईडी टीम ने 15 ठिकानों पर रेड की

ईडी की टीम शुक्रवार को राशन घोटाला मामले में राज्य के 15 ठिकानों पर रेड की। टीम साउथ 24 परगना जिले के संदेशखली गांव में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या के घर रेड के लिए पहुंची थी। तो तृणमूल समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और उन पर हमला कर दिया। शेख शाहजहां उत्तर 24 परगना जिला परिषद के मत्स्य एवं पशु संसाधन अधिकारी होने के साथ-साथ संदेशखाली का ब्लॉक अध्यक्ष भी है। वह राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी भी है। मल्लिक खुद राशन घोटाले में जेल में बंद हैं। अफसरों ने बताया कि टीम पर हमला तब हुआ, जब शाहजहां के घर का ताला तोड़ा जा रहा था। टीम ने शाहजहां को कई बार फोन कर बुलाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं आए। जिले के पुलिस अधीक्षक से भी बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने भी बात नहीं की।

**राशन घोटाला मामला**



**कलकत्ता हाईकोर्ट के जज ने कहा**

### *पश्चिम बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा*



***कोलकाता।*** *कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस इस मामले में कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने यह टिप्पणी तब की जब हाईकोर्ट के एक वकील ने उन्हें उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख साजहान के आवास पर छापा मारने की कोशिश के दौरान स्थानीय गुंडों द्वारा ईडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों के जवानों पर हमले के बारे में अवगत कराया। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने पूछा कि राज्यपाल राज्य में संवैधानिक ढांचे के पतन पर कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में राज्य पुलिस की भूमिका के बारे में भी पूछताछ की।*

### राज्यपाल ने गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया है। बोस ने कहा- यह एक भयानक घटना है। यह चिंताजनक और निंदनीय है। लोकतंत्र में बर्बरता और बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है। यदि कोई सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा।

### वन मंत्री ज्योतिप्रिय किए जा चुके हैं गिरफ्तार

ईडी ने कथित राशन घोटाले मामले में 26 अक्टूबर 2023 को ममता सरकार के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के ठिकानों पर रेड की थी। इसके बाद 27 अक्टूबर को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। ज्योतिप्रिय पहले खाद्य मंत्री रह चुके हैं।

**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने चीन पर सरकार को घेरा**

# चीनी राजनयिक के आरएसएस मुख्यालय पहुंचने की वजह बताए



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि चीन के साथ भारत के संबंध सामान्य नहीं हैं इसके बावजूद चीनी राजनयिक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस मुख्यालय पहुंचने की खबरें हैं और इस पर यह बताना जरूरी है कि आखिर राजनयिक किस मकसद से आरएसएस मुख्यालय गए। श्री खडगे ने कहा, एक तरफ़ मोदी सरकार के विदेश मंत्रालय ने पहली बार माना कि चीन के साथ रिश्ते नार्मल नहीं हैं और दूसरी तरफ़, ख़बरों के अनुसार चीन के राजनयिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय गये, क्यों गए, किसलिए गए, क्या बातचीत हुई। पीएलआई स्कीम में निर्माण के लिए चीनी पेशेवरों, तकनीशियनों को मोदी सरकार ने वीजा में छूट दी है। क्यों दी है, क्या चीन ने हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एशियन गेम्स के लिए नत्थी वीजा नहीं दिया था। क्या 2020 में चीन से सैनिकों से लड़ते हुए हमारे 20 वीर जांबाजों ने गलवान में प्राणों की आहुति नहीं दी थी। उन्होंने कहा, मोदी सरकार को तय कर लेना चाहिए कि उनकी चीनी नीति क्या है-'न कोई हमारी सीमा में घुसा' वाली मोदी जी की चीन को क्लीन चिट है या उन्हीं के विदेश मंत्रालय वाली 'नॉट नार्मल' है जिसमें उन्होंने एप बैन के अलावा कुछ नहीं किया। लद्दाख समेत, पूरा देश स्पष्ट रूप से जानना चाहता है।

### 22 से पहले अयोध्या जा सकते हैं कांग्रेस नेता

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। भाजपा इसका पूरा श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। इस बीच खबर है कि कांगेस नेता भी राममंदिर दर्शन करने जा सकते हैं। लेकिन वे प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन से पहले ही अयोध्या जाएंगे। माना जा रहा है कि 14 जनवरी के बाद किसी भी दिन कांग्रेस नेता राममंदिर दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# इसरो ने अपने ईंधन सेल का किया सफल परीक्षण

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में अपने ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इससे अंतरिक्ष में बिजली और पानी बन सकेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, उसने 1 जनवरी को पीएसएलवी-सी58 रॉकेट पर लॉन्च किए गए अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म, पीओईएम3 में 100 डब्ल्यू श्रेणी के पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल आधारित पावर सिस्टम (एफसीपीएस) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसरो ने कहा कि प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल संचालन का आकलन करना और भविष्य के मिशनों के लिए सिस्टम के डिजाइन की सुविधा के लिए डेटा एकत्र करना है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि छोटी अवधि के परीक्षण के दौरान, उच्च दबाव वाले जहाजों में ऑन-बोर्ड पीओईएम पर संग्रहीत हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैसों से 180 डब्ल्यू बिजली उत्पन्न की गई।



**इससे अंतरिक्ष में बिजली और पानी बन सकेगा**
**परीक्षण में गैसों से 180 डब्ल्यू बिजली उत्पन्न की गई**

# आप ने स्वाति मालीवाल को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

## संजय सिंह व एनडी गुप्ता को भी दिया दूसरा मौका



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया है। जबकि, जबकि संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामांकित किया है। स्वाति मालीवाल को राज्यसभा में सुशील कुमार गुप्ता की जगह मौका दिया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति ने 19 जनवरी को दिल्ली में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने नामांकन को अंतिम रूप दिया।

**इलाज** *भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने किया शोध*

# कैंसर व मस्तिष्क विकारों के उपचार की जगी आशा

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी-के) के शोध ने कैंसर और मस्तिष्क विकारों जैसे अल्जाइमर और पर्किंसंस रोगों के उपचार में नई आशाएं जगाई हैं। जी प्रोटीन-युग्मित रिसेप्टर्स (जीपीसीआर) और केमोकाइन रिसेप्टर डी6 के अध्ययन के साथ बायोमेडिकल शोध में मिली इस सफलता से उपचार के नए विकल्प सामने आए हैं।**

शोध से मिली जानकारी रोग की स्थितियों के तहत इन रिसेप्टर्स को नियंत्रित करने के लिए नई दवाओं जैसे अणुओं को डिजाइन करने की संभावना खोलती है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर एस गणेश ने कहा कि यह शोध लक्षित चिकित्सा में एक नए युग के द्वार खोलता है जो दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए कैंसर और न्यूरोलॉजिकल स्थितियों का समाधान प्रदान कर सकता है। ये बीमारियां, जो अत्यधिक पीड़ा और आर्थिक बोझ का कारण बनती हैं, इन निष्कर्षों के आधार पर प्रभावी उपचार का एक नया युग विकसित हो सकता है। इस शोध परियोजना की सफलता दुनिया भर के वैज्ञानिकों के साथ हमारे सफल सहयोग का भी प्रमाण है।



**बायोमेडिकल शोध में उपचार के नए विकल्प सामने आए**

### दूसरे देश के शोधकर्ताओं के साथ काम किया

इस परियोजना में आईआईटी कानपुर की टीम ने जापान, कोरिया गणराज्य, स्पेन और स्विट्जरलैंड के शोधकर्ताओं के साथ काम किया। प्रोफेसर अरुण शुक्ला और टीम को हार्दिक बधाई, जो जीपीसीआर जीव विज्ञान में उत्कृष्ट शोध कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं को शामिल करने वाला यह सहयोगात्मक प्रयास न केवल जटिल बीमारियों की समझ को बढ़ाता है, बल्कि नवोन्मेषी जैव चिकित्सा अनुसंधान में अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत करता है और कुछ सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए आईआईटी कानपुर की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

जी प्रोटीन-युग्मित रिसेप्टर्स मस्तिष्क कोशिकाओं की सतह पर छोटे एंटेना की तरह होते हैं, जो उन्हें संचार करने में मदद करते हैं और मस्तिष्क के कई कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सम्पादकीय

## सराहनीय पहल

सरकार ने ICU में भर्ती करने के लिए गाइडलाइंस जारी की है। गाइडलाइंस क्रिटिकल केयर मेडिसिन के एक्सपर्ट द्वारा तैयार की गई है और यह सलाह या मार्गदर्शन के रूप में उपयोगी है। इससे इस्तेमाल करने के लिए हेल्थ मिनिस्ट्री के अंतर्गत टेक्निकल एडवाइजरी और रेग्युलेटरी बॉडी को काम आसान होगा। यह गाइडलाइंस मरीज की स्थिति के आधार पर ICU में भर्ती करने की जरूरत को निर्धारित करने में मदद करेगा। किसी मरीज को ICU में भर्ती करने के लिए गाइडलाइंस लाने का केंद्र सरकार का फैसला वक्त की जरूरतों के अनुरूप है। यह पहला मौका है, जब सरकार ने ऐसा कोई गाइडलाइन जारी किया है। कई वजहों से इसकी जरूरत महसूस की जाने लगी थी।

एक्सपर्ट्स पैनल : इस कदम के साथ जुड़ी आश्वस्त करने वाली पहली बात यह है कि गाइडलाइन क्रिटिकल केयर मेडिसिन के एक्सपर्ट माने जाने वाले देश के 24 डॉक्टरों की समिति ने तैयार की है। दूसरी बात यह कि इसे अनिवार्य नहीं बनाया गया है। इसे सलाह या मार्गदर्शन के ही रूप में रखा गया है। ऐसा करना जरूरी इसलिए था क्योंकि मरीज की स्थिति के बारे में हमेशा पहले से तय खांचे में नहीं सोचा जा सकता।

आ रही थीं शिकायतें : निजी पूंजी के आने से पिछले कुछ वर्षों में देश में हेल्थकेयर स्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है। प्राइवेट हॉस्पिटलों की संख्या बढ़ने से लोगों की चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच बढ़ी है। लेकिन इन अस्पतालों में ICU बेड का खर्च जनरल वार्ड के मुकाबले पांच से दस गुना ज्यादा होता है। ऐसी शिकायतें रही हैं कि मरीज को जरूरत न होने पर भी ICU में भर्ती कर लिया गया या यह कि ICU में भी आवश्यक चिकित्सा सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हुई। प्राथमिकताओं का सवाल : जाहिर है, इस गाइडलाइन की जरूरत थी। हालांकि कुछ हलकों से यह आवाज भी आई है कि देश में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच नाकाफी है और इसलिए सरकार को अपनी प्राथमिकता ICU सुविधाओं को सीमित करने के बजाय इसे सब तक पहुंचाने की होनी चाहिए। लेकिन ICU संसाधन हर देश में सीमित ही होते हैं। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि इसका गैरजरूरी इस्तेमाल न हो ताकि यह सभी जरूरतमंदों को उपलब्ध हो सके। विकसित देशों में भी ऐसे प्रोटोकॉल रखे जाते हैं। काम आसान : जहां तक इन गाइडलाइंस के सुझावात्मक होने का सवाल है तो इससे इसकी उपयोगिता कम नहीं हो जाती। चूंकि गाइडलाइन डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज (DGHS) द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया है, इसलिए यह सबके लिए उपलब्ध है। ऐसे में हेल्थ मिनिस्ट्री के अंतर्गत आने वाली तमाम टेक्निकल एडवाइजरी और रेग्युलेटरी बॉडी का काम आसान होगा। अब वे आसानी से तय कर पाएंगे कि किसी खास केस में ICU में एडमिशन जरूरी था या नहीं। पेशेवर हो रवैया: हालांकि ये चीजें समाज में जागरूकता के स्तर और पेशागत जिम्मेदारियों के अहसास से जुड़ी हैं। मेडिकल फील्ड में बड़ी पूंजी का प्रवेश सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ अगर अनप्रफेशनल प्रवृत्तियों को भी बढ़ावा दे रहा है तो अपने पेशे की इस बुराई से निपटने की जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर मेडिकल प्रफेशनल्स की ही बनती है। पेशंट और डॉक्टर के बीच जो रिश्ता है, उसकी बेहतरी सबसे ज्यादा इन्हीं दोनों पर निर्भर है।

# हमारी सरकार चीन नहीं, मालदीव समर्थक

भारत के साथ संबंधों को लेकर मालदीव चर्चा में है। उसने अपने यहां से भारतीय सेना को हटाने की बात कही है। साथ ही, हिंदुस्तान के साथ साझा हाइड्रोग्राफिक सर्वे को लेकर हुए समझौते से भी बाहर निकलने का फैसला किया है। इन सबका मतलब क्या है? क्या मालदीव की नई सरकार चीन के करीब है, भारत के साथ रिश्तों का क्या होगा? इन सब मुद्दों पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से बात की सचिन पाराशर ने। पेश हैं इंटरव्यू के खास अंश : हिंद महासागर में मालदीव की हालत सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। इसी वजह से पिछले कुछ बरसों में वह भू-राजनीतिक टकराव का केंद्र बन चुका है। ऐसे में आपकी सरकार से किस तरह की विदेश नीति की उम्मीद की जा सकती है और इसके कारण क्या हैं? मालदीव की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बाहरी ताकतें इसकी ओर खिंची चली आती हैं। हमें सतर्क रहते हुए स्थिति को समझना होगा। गलती की गुंजाइश बहुत कम है। एक छोटी-सी गलती के कारण देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता और इसके मूल्यों पर आंच आ सकती है। समुद्री मार्गों को सुरक्षित करना मालदीव के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि व्यापक हिंद महासागर क्षेत्र और ग्लोबल ट्रेड और कॉमर्स के लिए। हम यह भी मानते हैं कि हिंद महासागर में चल रही जियो-पॉलिटिकल राइवलरी में शामिल होने के लिए मालदीव बहुत छोटा है। हम किसी का पक्ष लेने के लिए दबाव में नहीं आना चाहते। मेरा ध्यान इस बात पर है कि हिंद महासागर की सुरक्षा को लेकर मालदीव उन देशों के साथ चर्चा में योगदान दे, जो लीडरशिप रोल में हैं। मालदीव केवल दर्शक भर नहीं है, वह एक एक्टिव पार्टनर है। हमारे पार्टनर हमारे हितों को पहचानें और उसका सम्मान करें। मालदीव की पिछली सरकारों की नीति रही है इंडिया फर्स्ट। ऐसे में अपने विकास उद्देश्यों, समुद्री सहयोग और सुरक्षा को लेकर भारत को किस तरह की भूमिका निभाते हुए देखते हैं? भारत हमारा सबसे करीबी पड़ोसी है, दोस्त है। हमारी पारंपरिक और सांस्कृतिक जड़ें एक हैं। यह भौगोलिक और ऐतिहासिक सचाई नहीं बदलने वाली। दोनों देशों के बीच ट्रेड, कॉमर्स, इन्वेस्टमेंट और टूरिज्म वगैरह में संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। 2023 के आखिर तक मालदीव में सबसे ज्यादा पर्यटक भारत से ही आए। जहां तक समुद्री सहयोग और सुरक्षा का सवाल है तो हम दोनों के बीच एक ही महासागर है। इसे देखते हुए मालदीव की नैशनल डिफेंस फोर्स को तैयार करने में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगे भी निभाता रहेगा। दोनों देशों के बीच लंबे अरसे से रक्षा सहयोग रहा है। इसमें समुद्री क्षेत्र भी शामिल है। अब सहयोग चाहे रक्षा क्षेत्र में हो या आर्थिक, वह आधारित होता है आपसी सम्मान और विश्वास पर। हम भारत का सम्मान करते हैं और उस पर भरोसा करते हैं। हमें विश्वास है कि हमारे साथ भारत के संबंध भी उन्हीं सिद्धांतों पर आधारित हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आपको चीन समर्थक नेता के रूप में पेश किया जाता है। क्या आपकी विदेश नीति में चीन के प्रति झुकाव दिखेगा, जैसा कि अब्दुल्ला यामीन के शासनकाल में हुआ था? हम किसी भी देश के समर्थक या विरोधी नहीं होंगे। मेरी सरकार मालदीव के हित में नीतियां लाएगी। प्रो-मालदीव पॉलिसी का मतलब है मालदीव के हितों की रक्षा करना और उसे बढ़ाना। हम इसे वैश्विक हितों के साथ रखेंगे। समावेशी और टिकाऊ तरीके से विकास और समृद्धि को बढ़ावा देंगे। देश के आर्थिक और संस्थागत रुख को लचीला बनाने का प्रयास करेंगे। इससे मालदीव को हिंद महासागर में संतुलन बनाए रखने में विश्वसनीय और सक्रिय भूमिका निभाने में मदद मिलेगी। आपने सभी भारतीय सैनिकों को मालदीव से हटाने के लिए कहा है। इससे भारत चिंतित है। अगर भारतीय सेना हट जाती है, तो नौसेना के हेलिकॉप्टरों और विमानों जैसी भारतीय संपत्तियों का क्या होगा, जिन्होंने स्थानीय लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई? राष्ट्रपति चुनाव में मालदीव के लोगों ने साफ तौर पर कहा कि देश में विदेशी सेना नहीं होनी चाहिए। इस वक्त भारत ही है, जिसकी सेना मालदीव में है। जनादेश का सम्मान करने के लिए ही मैंने भारत से अनुरोध किया कि वह अपनी आर्मी को वापस बुला ले। मुझे पूरा भरोसा है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते हिंदुस्तान हमारे देश के लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा। संसदीय मंजूरी के बिना मालदीव में विदेशी सेना की मौजूदगी संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। दोनों देशों के बीच रिश्ते इतने मजबूत हैं कि मुझे डिप्लोमैटिक बातचीत के जरिये इस मुद्दे का हल निकलने का पूरा भरोसा है। दोनों देशों के संबंधों में इतनी गहराई है कि सेना की स्थायी मौजूदगी के बिना भी यह रिश्ता जारी रह सकता है। मुझे कोई शक नहीं है कि लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा को भारत पहचानेगा और उसका सम्मान करेगा। अगर मालदीव के बहुमत की इच्छा नहीं सुनी जाती, तो देश में लोकतंत्र का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। हालांकि मुझे यकीन है कि वह नौबत नहीं आएगी। मालदीव ने इंडियन नेवी के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे को लेकर हुए समझौते को भी खत्म करने का निर्णय लिया है। दूसरे देशों को भारत के साथ इस तरह के समझौतों से फायदा हुआ है। ऐसे में आप दूर क्यों भाग रहे हैं? हमारी सरकार ने कोई एग्रीमेंट खत्म नहीं किया।

# 22 जनवरी से पहले लगने वाली है 'भजनों की होड़', एमपी मनोज तिवारी से लेकर ये गायक कूदे मैदान में

जैसे-जैसे राम मंदिर के शुभारंभ की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे माहौल भी उसी रंग में रंगता जा रहा है। बॉलीवुड के मशहूर गीतकार, संगीतकार और गायक राम धुन बना कर भजन की तैयारियां कर रहे हैं। कोई अयोध्या पर गीत बना रहा है, तो कोई राम मंदिर पर। कोई हनुमान की भक्ति पर गीत बना चुका है, तो कोई राम मंदिर के निर्माण के साथ गीत और भजन की लॉन्चिंग कर रहा है। जानकारी के मुताबिक 22 जनवरी से पहले ही 100 से ज्यादा भजन अलग-अलग म्यूजिक कंपनियों और यूट्यूब पर लॉन्च होने वाले हैं। देश के प्रधानमंत्री मोदी ने भी राम भजनों को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किया है। राम मंदिर के शुभारंभ से पहले ही तकरीबन 100 से ज्यादा भजन और राम भक्ति के गीत आने वाले हैं। इन भजनों और गीतों को गाने के लिए बॉलीवुड से लेकर स्थानीय कलाकार और गायक समेत गीतकार और संगीतकार सुर-लय ताल भी सजा चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी कहते हैं



### 100 से ज्यादा भजन आने वाले हैं राम मंदिर के

कि भगवान राम जब अपने मंदिर में पधार रहे हैं, तो उनके स्वागत में पूरा देश भक्ति में सराबोर हो चुका है। वह कहते हैं कि उन्होंने भी भगवान राम और अयोध्या नगरी समेत हनुमानजी पर दो भजन तैयार किए हैं। मनोज तिवारी कहते हैं कि उनके भजन जल्द ही आने वाले हैं। इसी तरह भजन गायक कन्हैया मित्तल के कई और भजन आने वाले हैं। कन्हैया मित्तल कहते हैं कि कुछ गीत और भजन तो पहले ही उनके राम मंदिर पर आ चुके हैं। कुछ और राम मंदिर के शुभारंभ से पहले ही आएंगे। मनोज तिवारी, कन्हैया मित्तल, मनोज मुंतशिर और जुबिन नौटियाल जैसे अनेक गायक अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ से पहले भजनों की श्रृंखला ला रहे हैं। देश की प्रमुख नामी म्यूजिक कंपनी से जुड़े वरिष्ठ प्रबंधक बताते हैं कि देश के अलग-अलग राज्यों और हिस्सों से कई प्रमुख गीतकारों और गायकों ने उनसे संपर्क किया है। म्यूजिक कंपनी के प्रबंधन का कहना है कि राम मंदिर के शुभारंभ तक कम से कम 100 प्रमुख गीत तो लोगों की जुबान पर चढ़ चुके होंगे। वह कहते हैं कि सिर्फ एक म्यूजिक कंपनी नहीं बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों की कई स्थानीय म्यूजिक कंपनी और यूट्यूब के माध्यम से हजारों गीत अयोध्या में राम भगवान पर बनकर आ रहे हैं। म्यूजिक कंपनियों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक राम मंदिर, अयोध्या और हनुमान पर कई ऐसे गायक और गीतकार भी अपने गीत लिख चुके हैं, जिन्होंने पहली बार इस विधा में हाथ आजमाया है। म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि बीते कुछ समय से भजन और भक्ति में गीतों का बाजार भी बहुत तेजी से बढ़ा है। मुंबई में अलग-अलग गायको और गीतकारों के लिए स्टूडियो उपलब्ध कराने वाली प्रज्ञा म्यूजिक कंपनी के देवेंद्र ओझा बताते हैं कि बीते पांच सालों में जिस तरह से भजन और गीत बन रहे हैं, वह अब तक सबसे अनूठा और अलग नजरिए के तौर पर देखा जा रहा है। देवेंद्र बताते हैं कि जब राम मंदिर का शिलान्यास हुआ, तब उनकी ही म्यूजिक कंपनी की ओर से तकरीबन साढ़े चार सौ से ज्यादा गीत अलग-अलग गायकों की ओर से रिलीज किए गए। जबकि अगस्त 2020 से लेकर दिसंबर 2023 दिसंबर तक तकरीबन 1200 से ज्यादा गीत सिर्फ उनके स्टूडियो में ही रिकॉर्ड किए गए, जिन्हें अलग-अलग म्यूजिक कंपनियों की ओर से रिलीज किया गया। देवेंद्र का अनुमान है कि अगले कुछ सालों में गीत और भजन की इंडस्ट्री और ज्यादा बड़ी होने वाली है। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के शुभारंभ से पहले रिलीज हो रहे गीतों पर और भजनों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी खूब प्रतिक्रिया आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ₹राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी₹ जैसे मशहूर भजन को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए ऐसे भजन की सराहना की थी।

# टिटास की घातक गेंदबाजी से भारत जीता

## ●पहला टी-20, आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया



साधू के 17 रन पर चार विकेट

**भारतीय महिला** टीम ने टिटास साधु (17 रन देकर चार विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (54 रन) और शेफाली वर्मा (नाबाद 64 रन) के अर्धशतकों से शुक्रवार को यहां तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर 1-0 से बढ़त बनाई। मंधाना ने 52 गेंद में 54 रन और शेफाली ने 44 गेंद में नाबाद 64 रन की पारी खेली। जॉर्जिया वारेहैम ने भारतीय पारी का एकमात्र विकेट झटका। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टिटास साधु (17 रन देकर चार विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत से शुक्रवार को यहां तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में आस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 141 रन पर समेट दिया। साधु के अलावा दीप्ति शर्मा ने 24 रन देकर दो श्रेयंका पाटिल ने 19 रन देकर दो विकेट झटके। साधू के शुरू में तीन विकेट झटकने के बाद फोबे लिचफील्ड (49 रन) और एलिसे पैरी (37 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी निभाकर आस्ट्रेलिया को इस स्कोर तक पहुंचाया। साधू ने पावरप्ले में अपने पहले स्पैल में तीन ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट झटके, जिसमें उन्होंने बेथ मूनी (17), तहलिया मैकग्रा (शून्य) और एशले गार्डनर (शून्य) के विकेट लिए। दाएं हाथ की इस तेज गेंदबाज ने अपने अंतिम ओवर (पारी का 18वां) में अनाबेल सदरलैंड (12) के रूप में अपना चौथा विकेट हासिल किया। वनडे श्रृंखला में बल्लेबाजी में शीर्ष पर रहीं लिचफील्ड ने टी20 में भी अपनी फॉर्म जारी रखी लेकिन अर्धशतक से चूक गईं। उनकी पारी में तीन छक्के और चार चौके जड़े थे जिससे उन्होंने 32 गेंद में 49 रन बनाए। पैरी ने दो चौके और इतने ही छक्के से 30 गेंद में 37 रन का योगदान दिया। भारत ने अपने क्षेत्ररक्षण में काफी सुधार किया और काफी रन रोके। लेकिन 12वें ओवर में लिचफील्ड जब 27 रन पर थी, तब उनका कैच छूटा। दीप्ति की गेंद पर वह रिवर्स स्वीप करने की कोशिश कर रही थीं लेकिन रेणुका सिंह और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच हुए भ्रम से कैच छूट गया। लिचफील्ड 15वें ओवर में अमनजोत कौर (23 रन देकर एक विकेट) का शिकार हुईं जिनका कैच भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लपका। हरमनप्रीत ने मैच में चार कैच लपके।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया** : हीली का हरमनप्रीत बो रेणुका 08,मूनी का हरमनप्रीत बो साधू 17, मैकग्रा का वस्त्राकर बो साधू 00,पैरी का अमनजोत बो दीप्ति 37, गार्डनर का एवं बो साधू 00,लिचफील्ड का हरमनप्रीत बो अमनजोत 49,हैरिस पगबाधा बो पाटिल 01,सदरलैंड का हरमनप्रीत बो साधू 12, वारेहैम का अमनजोत बो पाटिल 05, शट पगबाधा बो शर्मा 01,ब्राउन नाबाद 00, अतिरिक्त : 11, **कुल** : 19.2 ओवर में 141 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन** :1-28, 2-32, 3-32, 4-33, 5-112, 6-119, 7-135, 8-135, 9-137,**गेंदबाजी**:रेणुका 4-0-24-1,वस्त्राकर 2-0-28-0, साधू 4-0-17-4, पाटिल 3.2-0-19-2, शर्मा 4-0-24-2, कौर 2-0-23-1

**भारत** : मंधाना का मैकग्रा बो वारेहैम 54,वर्मा नाबाद 64,रोड्रिग्स नाबाद 06,अतिरिक्त : 21, कुल : 17.4 ओवर में एक विकेट पर 145 रन,**गेंदबाजी** : डार्सी 2-0-10-0, शट 4-0-26-0,सदरलैंड 2-0-21-0,गार्डनर 4-0-24-0, मैकग्रा 2-0-31-0, वारेहैम 3.4-0-20-1

# चिराग जानी के पांच विकेट से सौराष्ट्र मजबूत

## रणजी ट्राफी राउंडअप

**तेज गेंदबाज** चिराग जानी के पांच विकेट और सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई के अर्धशतक से गत चैंपियन सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के पहले दौर के मुकाबले के पहले दिन झारखंड के खिलाफ अपना पलड़ा भारी रखा। जयदेव उनादकट की अगुआई में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और चिराग (22 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी की मदद से झारखंड को सिर्फ 49 ओवर में 142 रन पर समेट दिया। चिराग ने प्रथम श्रेणी करियर में पहली बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। सौराष्ट्र ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 108 रन बनाए लिए हैं और वह झारखंड के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 34 रन पीछे है। झारखंड के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र (29) और नदीम (27) ही कुछ देर टिककर बल्लेबाजी कर पाए। सौराष्ट्र ने बल्लेबाजी में भी घरेलू हालात का पूरा फायदा उठाया और हार्विक (नाबाद 54) तथा शेल्डन (नाबाद 37) के बीच दूसरे विकेट की 81 रन की अटूट साझेदारी से अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली।

## कौशिक के सात विकेट और पडिक्कल के अर्धशतक से कर्नाटक ने पंजाब पर शिकंजा कसा

**हुबली (कर्नाटक)।**तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक के सात विकेट और देवदत्त पडिक्कल के नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन पंजाब पर शिकंजा कस दिया। कौशिक ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए 41 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे पंजाब की टीम पहली पारी मे 152 रन पर सिमट गई। पंजाब के लिए नेहल वढेरा ने 79 गेद मे 44 रन की पारी खेली। मेजबान टीम इसके जवाब मे पडिक्कल की नाबाद 80 रन की पारी से स्टंप तक तीन विकेट पर 142 रन बनाकर बढ़त हासिल करने के करीब पहुंच गई है।

## मध्य प्रदेश ने बनाए सात विकेट पर 291 रन

**देहरादून।**वेंकटेश अय्यर की 89 रन की पारी की मदद से मध्य प्रदेश ने शुक्रवार को यहां उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप डी मैच के शुरूआती दिन सात विकेट पर 291 रन बनाए। सुबह के सत्र मे मध्य प्रदेश ने 72 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर की 13 चौके जड़ित 110 गेद की पारी से उबरने मे सफल रही। अय्यर को सारांश जैन के रूप मे अच्छा जोड़ीदार मिला। स्टंप तक सारांश 87 रन बनाकर खेल रहे है और दूसरे छोर पर अनुभव अग्रवाल ने 12 रन बना लिए है। उत्तराखंड के लिए राजन कुमार और मयंक मिश्रा ने दो दो विकेट झटके। ग्रुप डी के एक अन्य मैच मे जम्मू कश्मीर की पहली पारी मे हिमाचल प्रदेश ने 100 रन पर समेट दिया जिसमे वैभव अरोड़ा ने चार और ऋषि धवन ने तीन विकेट चटकाए।

## अनुस्तुप का शतक, बंगाल ने बनाए चार विकेट पर 289 रन

*विशाखापट्टनम।*अनुस्तुप मजूमदार ने पिछले सत्र की शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शतक जड़ा जिससे बंगाल ने शुक्रवार को यहां आंध्र के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप बी मैच के शुरूआती दिन स्टंप तक चार विकेट पर 289 रन बनाए।

## दिल्ली ने चार विकेट गंवाकर 40 रन बनाए

दिल्ली मे चल रहे मैच मे केवल 19 ओवर ही डाले जा सके जिसमे घरेलू टीम ने चार विकेट गंवाकर 40 रन बनाए। पुडुचेरी के लिए गौरव यादव और अबिन मैथ्यू ने दो दो विकेट चटकाए। दिल्ली के कप्तान यश धुल दो रन बनाकर आउट हुए जबकि उनके सलामी जोड़ीदार लक्ष्य थरेजा ने 19 रन बनाए। वड़ोदरा मे ओड़िशा के खिलाफ बड़ौदा ने ज्योत्सनिल सिंह (73 रन), मितेश पटेल (नाबाद 94 रन) और अतीत सेठ (नाबाद 56 रन) के अर्धशतको से स्टंप तक छह विकेट गंवाकर 322 रन बना लिए।

# देश की अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

चालू वित्त वर्ष में खनन एवं उत्खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रह सकती है जबकि एक साल पहले यह 7.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी एक सरकारी अनुमान में यह संभावना जताई गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष के 1.3 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।

इसी तरह खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2022-23 में 4.1 प्रतिशत थी। वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.1 प्रतिशत रही थी।

एनएसओ ने एक बयान में कहा, 'वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के वर्ष 2023-24 में 171.79 लाख करोड़ रुपये पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी के अस्थायी अनुमान के अनुसार यह 160.06 लाख करोड़ रुपये रहा।' बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 7.3 प्रतिशत रहेगी जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत थी।

एनएसओ का यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से अधिक है। रिजर्व बैंक ने पिछले महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में 2023-24 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 फीसद कर दिया था।

# एटीसी के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण करेगी ब्रुकफील्ड




कनाडा स्थित ब्रुकफील्ड 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर के एक बड़े सौदे में अमेरिकन टावर कॉर्पोरेशन के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसमें एटीसी इंडिया पर दो अरब अमेरिकी डॉलर का उद्यम मूल्य और एक अक्टूबर 2023 से लगने वाला 'क्षतिपूर्ति शुल्क' भी शामिल है। इस लेन-देन के लिए विनियामक की अनुमति आवश्यक है। इसके 2024 की दूसरी छमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

डीआईटी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, " डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट (डीआईटी), ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट के एक सहयोगी द्वारा प्रायोजित एक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने आज भारत में अमेरिकन टॉवर के संचालन (एटीसी इंडिया) में 100 प्रतिशत इक्विटी हितों का अधिग्रहण करने के लिए एटीसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इसका उद्यम मूल्य 16,500 करोड़ रुपये (दो अरब अमेरिकी डॉलर) है, जो प्रतिभूति खरीद समझौते के तहत पूर्व-समापन शर्तों के अधीन है। टावर कंपनी एटीसी इंडिया के पास देशभर में करीब 78,000 स्थान (साइट) हैं।

एटीसी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि समापन के समय कुछ पूर्व-समापन शर्तों के तहत मौजूदा विनिमय दरों पर संभावित रूप से कुल कीमत करीब 21,000 करोड़ रुपये या 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक बैठेगी। विज्ञप्ति के अनुसार, " कुल लेन-देन में एटीसी इंडिया परिचालन पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर का उद्यम मूल्य, साथ ही एक अक्टूबर 2023 से समापन की तारीख तक लगने वाला क्षतिपूर्ति शुल्क भी शामिल है।" डीआईटी, समिट डिजीटेल और क्रेस्ट डिजीटेल के जरिए भारत में ब्रुकफील्ड के टेलीकॉम टावर कारोबार का संचालन करता है। यह भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में ब्रुकफील्ड का तीसरा अधिग्रहण होगा।

ब्रुकफील्ड के पास करीब 1,75,000 टावर हैं जिन्हें 2020 में रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग्स लिमिटेड से अधिग्रहित किया गया था। एटीसी इंडिया को डीआईटी में शामिल किया जाएगा, जिसमें मौजूदा दूरसंचार संपत्तियां शामिल हैं।

ब्रुकफील्ड में प्रबंध निदेशक (इंफ्रास्ट्रक्चर प्रमुख भारत तथा पश्चिम एशिया) अर्पित अग्रवाल ने कहा, " हम भारत में अपने मौजूदा दूरसंचार टावर खंड का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं जो हमारे ग्राहकों तथा भागीदारों के लिए समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला को सक्षम बनाता है।" उन्होंने कहा, 'एटीसी इंडिया जैसे रणनीतिक अधिग्रहणों के जरिए हम डिजिटल संपर्क को सशक्त बनाने और पूरे क्षेत्र में दूरसंचार बुनियादी ढांचे के परिदृश्य को बदलने को प्रतिबद्ध हैं।"

भारत में ब्रुकफील्ड के पास इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, रिन्यूएबल पावर एंड ट्रांजिशन और प्राइवेट इक्विटी में प्रबंधन के तहत करीब 25 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है।

# बिजली उत्पादों के लिए गुणवत्ता मानदंड लागू

**वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर भारतीय मानक ब्यूरो का चिह्न न हो**

**गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और उत्पाद नियमावली बनाने के साथ ये पहल देश में एक गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करेगी**

सरकार ने घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाने तथा इन वस्तुओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'स्विच-सॉकेट-आउटलेट' और 'केबल ट्रंकिंग' जैसे बिजली के सामान के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड जारी किए हैं। इस संबंध में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा इस एक जनवरी 2024 को विद्युत सहायक उपकरण (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2023 जारी किया गया।

आदेशानुसार, वस्तुओं का उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और भंडारण तब तक नहीं किया जा सकता जब तक कि उन पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का चिह्न न हो। डीपीआईआईटी ने कहा कि यह आदेश अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह महीने बाद लागू होगा। इसमें कहा गया, " इस आदेश में कुछ भी, निर्यात के लिए घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं लागू नहीं होगा।"

लघु, कुटीर एवं मझौले (एमएसएमई) क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आदेश के अनुपालन में छूट दी गई है। छोटे उद्योगों को नौ महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है, जबकि सूक्ष्म उद्यमों को 12 महीने का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। डीपीआईआईटी बीआईएस और हितधारकों के परामर्श से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) को अधिसूचित करने के लिए प्रमुख उत्पादों की पहचान कर रहा है। बीआईएस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पहली बार अपराध करने पर दो साल तक की कैद या कम से कम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। उपयोगकर्ताओं और निर्माताओं के बीच गुणवत्ता संवेदनशीलता विकसित करने के लिए विभाग द्वारा क्यूसीओ के विकास सहित विभिन्न पहल की जा रही हैं। गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं और उत्पाद नियमावली बनाने के साथ ये पहल देश में एक गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करेगी।

अनिवार्य क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात पर अंकुश लगाने, अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं को रोकने और उपभोक्ताओं के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा तथा कल्याण सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। इससे पहले स्मार्ट मीटर, वेल्डिंग रॉड और इलेक्ट्रोड, कुकवेयर तथा बर्तन, आग बुझाने वाले यंत्र, बिजली के छत पंखे और घरेलू गैस स्टोव सहित कई वस्तुओं के लिए ऐसे आदेश जारी किए गए हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.8 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पर

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में बढ़ोतरी होने से 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 2.8 अरब डॉलर चढ़कर 623.2 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 620.44 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.9 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 551.62 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 85.3 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 48.33 अरब डॉलर हो गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई।

# आरबीआई ने केवाईसी के लिए पीईपी की परिभाषा संशोधित की

**केंद्रीय बैंक ने बैंकों और अन्य वित्तीय सेवाओं के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से इन बदलावों को तत्काल लागू करने के लिए कहा**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने मानदंडों के तहत राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों (पीईपी) की परिभाषा को बदल दिया है। इससे उन्हें कर्ज लेने समेत बैंक से जुड़े विभिन्न लेनदेन करने में सहूलियत होगी।

इसके लिए आरबीआई के 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। पीईपी से संबंधित पुराने मानदंड में स्पष्टता की कमी होने से बैंक अधिकारियों, सांसदों और अन्य लोगों को कई बार मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई बार पीईपी के लिए कर्ज जुटाना या बैंक खाते खोलना मुश्किल हो रहा था।

इस समस्या को देखते हुए आरबीआई ने राजनीतिक रूप से संबद्ध लोगों के लिए केवाईसी मानक संशोधित किए हैं। संशोधित केवाईसी निर्देशों के तहत पीईपी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें किसी दूसरे देश ने प्रमुख सार्वजनिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है।

इनमें राज्यों/ सरकारों के प्रमुख, वरिष्ठ राजनेता, वरिष्ठ सरकारी या न्यायिक या सैन्य अधिकारी, सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों के अधिकारी भी शामिल हैं। नए नियमों में उस व्यक्ति को भी शामिल किया गया है जिसे किसी विदेशी देश ने सार्वजनिक समारोह की जिम्मेदारी सौंपी है।

पीईपी के बैंक खातों में मौजूदा प्रावधानों के तहत अतिरिक्त केवाईसी मानदंड हैं और एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी को इस बारे में विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है।

आरबीआई ने 25 फरवरी, 2016 को जारी एक परिपत्र में केवाईसी मानदंडों में शामिल एक उप-खंड को हटा दिया है।

केंद्रीय बैंक ने बैंकों और अन्य वित्तीय सेवाओं के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से इन बदलावों को तत्काल लागू करने के लिए कहा है।

पिछले साल केंद्र सरकार ने रिपोर्टिंग संस्थाओं द्वारा गैर-सरकारी संगठनों के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में संशोधन किया था।

## आयातित 'प्रिंटेड सर्किट बोर्ड' पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा के लिए चीन, हांगकांग से आयातित मुद्रित सर्किट बोर्ड के आयात पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने इन दोनों देशों से इन बोर्डों के लागत से कम कीमत पर आयात की जांच के बाद शुल्क लगाने की सिफारिश की है। पीसीबी (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) को ट्रांजिस्टर, रेसिस्टर और कैपेसिटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से बनाया जाता है। इसका इस्तेमाल कार, टेलीफोन, ओवन, खिलौने, टेलीविजन, कंप्यूटर और लाइटनिंग समाधान में किया जाता है।

डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा, 'प्राधिकरण पांच साल की अवधि के लिए चीन और हांगकांग से निर्यात वस्तु के आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की सिफारिश करता है।" इसमें कहा गया, शुल्क लगाने से ग्राहकों को उत्पाद की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी। इंडियन प्रिंटेड सर्किट एसोसिएशन ने चीन और हांगकांग से आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने के लिए आवेदन दाखिल किया था।

# विटाल से एलएनजी आयात करेगी गेल, किया करार




भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने वर्ष 2026 से अगले 10 साल के लिए नीदरलैंड्स की ऊर्जा कंपनी विटॉल से प्रति वर्ष लगभग 10 लाख टन एलएनजी की खरीद के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। गेल इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'इस सौदे के तहत विटॉल अपने वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो से भारत में गेल को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति करेगी।' इस सौदे पर सिंगापुर में हस्ताक्षर किए गए।

एलएनजी सतह के नीचे से निकाली जाने वाली प्राकृतिक गैस है जिसे बिना दबाव वाले भंडारण या परिवहन की आसानी और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ठंडा किया जाता है। गेल इस गैस को क्रायोजेनिक जहाजों के जरिये आयात करेगी और इसे उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने से पहले इसे वापस गैसीय अवस्था में बदला जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी ने कहा कि उसने और विटॉल एशिया पीटीई लिमिटेड ने एक दीर्घकालिक एलएनजी सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि इस सौदे के मूल्य निर्धारण और अन्य वाणिज्यिक विवरण साझा नहीं किए गए हैं। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कहा, 'विटॉल के साथ यह दीर्घकालिक एलएनजी सौदा गेल के बड़े एलएनजी पोर्टफोलियो को बढ़ाएगा।

## गुयाना से कच्चा तेल खरीदेगा भारत

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कच्चे तेल की आपूर्ति सहित हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग के लिए गुयाना के साथ पांच साल के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, 'प्रस्तावित एमओयू में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की समूची मूल्य श्रृंखला शामिल है। इसमें गुयाना से कच्चे तेल की आपूर्ति, गुयाना के खोज और उत्पादन क्षेत्र में भारतीय कंपनियों की भागीदारी और कच्चे तेल शोधन के क्षेत्रों में सहयोग शामिल है।'

इस समझौते में क्षमता निर्माण, द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करना, प्राकृतिक गैस क्षेत्र में सहयोग, गुयाना में तेल एवं गैस क्षेत्र में नियामकीय नीतिगत ढांचे के विकास में सहयोग और जैव ईंधन सहित स्वच्छ ऊर्जा के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग शामिल है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता और आयातक देश है। वह तेल आयात के अपने स्रोतों में विविधता लाना चाहता है और इसके लिए दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना में संभावनाएं तलाश रहा है। बयान के मुताबिक, यह समझौता ज्ञापन शुरुआत में पांच साल की अवधि के लिए होगा और इसे दोनों देशों के सहमत होने पर आगे बढ़ाया जाएगा। इससे कच्चे तेल के स्रोत में विविधता लाने में मदद मिलेगी जिससे देश की ऊर्जा और आपूर्ति सुरक्षा बढ़ेगी। यह भारतीय कंपनियों को गुयाना के ईएंडपी (खोज एवं उत्पादन) क्षेत्र में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा और उन्हें वैश्विक तेल और गैस कंपनियों के साथ काम का अवसर देगा।

हाल के समय में गुयाना ने तेल एवं गैस क्षेत्र में प्रमुख स्थान हासिल किया है और यह दुनिया का सबसे नया तेल उत्पादक बन गया है। यहां पर 11.2 अरब बैरल तेल भंडार की नई खोजें की गई हैं जो कुल वैश्विक तेल एवं गैस खोज का 18 प्रतिशत है।

# महाराष्ट्र पर मौसम का संकट ! 'इन' जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी; पढ़िए मौसम पूर्वा नुमान

प्रदेश में बारिश के अनुकूल मौसम के चलते आसमान में बादल छाए हुए हैं। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी से ठंड कम हो गयी है। आज शुक्रवार (5 तारीख) को राज्य में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश (light rain) की संभावना है। मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान में कमी की संभावना जताई है। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान गोंदिया में 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पुणे में न्यूनतम तापमान बढ़कर 15.9 डिग्री सेल्सियस हो गया। उत्तर भारत में शीत लहर के चलते राजस्थान के सीकर (Sikar, Rajasthan) में गुरुवार (4) को देश के मैदानी इलाकों की तुलना में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिणपूर्व अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र साफ हो गया है और लक्षद्वीप द्वीप समूह के पास एक चक्रवाती हवा की स्थिति बनी हुई है। वहां से निम्न दबाव की पेटी दक्षिणी कर्नाटक तक बनी रहती है। उत्तरी कर्नाटक से लेकर उत्तर प्रदेश तक चक्रवाती हवाओं (cyclonic winds) के साथ एक कम दबाव की बेल्ट बन गई है। इससे राज्य में बारिश के लिए अनुकूल जलवायु बनी हुई है। गुरुवार (5 तारीख) को अलग-अलग स्थानों पर बारिश की संभावना है। पुणे में बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान बढ़कर 5.1 डिग्री सेल्सियस हो गया है। वहीं, अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राज्य के किस हिस्से में बारिश की संभावना भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 72 घंटों में दक्षिण कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। कोंकण सहित रायगढ़ जिले में भी बारिश होने का अनुमान है। धुले, नंदुरबार में भी रविवार तक हल्की बारिश होने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि शुक्रवार और शनिवार को जलगांव, नासिक, अहमदनगर, पुणे, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर जिलों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को सतारा, सांगली, सोलापुर, बीड, अकोला, अमरावती, भंडारा, बुलढाणा, गोंदिया, नागपुर में छिटपुट बारिश हो सकती है।

गुरुवार सुबह तक तापमान दर्ज किया गया

पुणे 15.9, धुले 13.6, जलगांव 16.9, कोल्हापुर 19.7, महाबलेश्वर 15.5, नासिक 15.9, निफाड 13.5, सांगली 19.9, सतारा 16.5, सोलापुर 19, सांताक्रूज 19 , दहानू 18.5, रत्नागिरी 21.2, छत्रपति संभाजीनगर 16.4, नांदेड़ 17.8 , परभणी 16.4, अकोला 17.5, अमरावती 17.1, बुलदाना 17.5, ब्रह्मपुरी 15.4, चंद्रपुर 15. 2, गढ़चिरौली 14.8, गोंदिया 13.5, नागपुर 16, वर्धा 16(न्यूनतम तापमान डिग्री सेल्सियस में)।

## उत्तर प्रदेश में 8264 कें द्रें पर होगी बोर्ड परीक्षा, 55 लाख 25 हजार 288 विद्यार्थी पंजीकृ त

बनाया जाएगा। वर्ष 2023 की तुलना में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वर्ष 2024 में 489 परीक्षा केन्द्र कम बनाए गए हैं। वर्ष 2023 में कुल 8753 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं करायी गई थी जबकि 2024 में 8264 केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। नकल विहीन पारदर्शी बोर्ड परीक्षा कराने के लिए इस बार परीक्षा केन्द्र कम रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रों की सूची में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में बनाए गए हैं। प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत 2408, दूसरे स्थान पर वाराणसी में 2084, तीसरे स्थान पर मेरठ में 1528, चौथे स्थान पर गोरखपुर में 1351 जबकि सबसे कम बरेली क्षेत्रीय कार्यालय में 893 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55,25,288 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें दसवीं की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 29,47,324 है जबकि इंटर में 25,77,964 हैं। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 1571687 बालक और 1375637 बालिकाएं शामिल है जबकि इंटरमीडिएट में 1428731 बालक और 1149233 बालिकाएं शामिल हैं। यूपी बोर्ड 2024 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 25 जनवरी 2024 से एक फरवरी 2024 तक आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, फैजाबाद, आजमगढ़, देवीपाटन और बस्ती मंडल में होगी। दूसरे चरण की प्रयोगात्मक परीक्षा दो फरवरी से नौ फरवरी के बीच अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च के बीच आयोजित होंगी।

## राज्य में प्रभावी ढं ग से लागू किया जा रही है नई शिक्ष नीति -चंद्रकांत पाटिल

जिसमे इंडियन नॉलेज सिस्टम (IKS) शुरू है उसी के अनुरूप नई शिक्षा नीति को लागू करने का काम शुरू हो गया है। चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राज्य की नई शिक्षा नीति की ब्रांडिंग के लिए मुंबई में एक सम्मेलन आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय (Mumbai University) के सहयोग से विभिन्न सेमिनार विश्वविद्यालयों में जानकारी,और भविष्य के उसकी क्या योजनाएं,है ऐसे विभिन्न उपक्रम के लिए प्रदर्शनी और विभिन्न सत्र आयोजित की जानी चाहिए। ताकि राज्य के उच्च शिक्षा विभाग की सकारात्मक छवि देशभर के विद्यार्थियों तक पहुंचे। पाटिल ने कहा कि अन्य सरकारी और निजी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को विभिन्न विषयों पर दिन भर की कार्यशालाएं आयोजित करनी चाहिए ऐसे कार्यक्रम में पूरे देश के प्रतिष्ठित 10 राज्यों के विश्वविद्यालयों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया का हो अधिक इस्तेमाल उच्च शिक्षा और तकनीकी मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि आज की दुनिया में डिजिटल और सोशल मीडिया का जमाना है ऐसे में देश भर के छात्रों को विद्यालय पहुंचने के लिए सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण माध्यम है इसलिए राज्य के उच्च शिक्षा विभाग को तत्काल वेब पोर्टल को अपडेट कर उसमें बदलाव करना चाहिए। चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राज्य के विद्यालयों के विभिन्न प्रशिक्षण, विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों, योजनाओं और प्रयोगो की इकट्ठा जानकारी विश्वविद्यालय में ली जा सकती है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, तमिल के साथ-साथ मराठी में भी तैयार किया जाना चाहिए। जिससे देशभर के सभी छात्र महाराष्ट्र के विश्वविद्यालयों से जुड़े रहेंगे। पाटिल ने उच्च शिक्षा विभाग के नाम एक्स-हैंडल बनाकर समय-समय पर सूचनात्मक सामग्री अपडेट करने के निर्देश दिया है. इस अवसर पर बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव विकास चंद्र रस्तोगी, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. शैलेन्द्र देवळणकर, तकनीकी शिक्षा निदेशक डॉ. विनोद मोहितकर, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा मिशन (रूसा) के निदेशक निपुण विनायक, उप सचिव अशोक मांडे, मुंबई यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. रवींद्र कुलकर्णी, प्रो. वाइस चांसलर अजय भामरे, पुणे यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर पराग काळकर आदि मौजूद थे।

## भिवंडी में रेझींग डे के मद्देनजर पुलिस महकमे द्वारा निकाली गई शांति रैली

चौक तक शांति रैली निकाली गई ।जिसमे विधायक महेश चौघुले, मनपा आयुक्त अजय वैद्य, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, वकील संघों के पदाधिकारी, सेवानिवृत्त सैनिक, कॉलेज के छात्र, शांति समिति के सदस्य, महिला सतर्कता समिति, पुलिस मित्र और शहर के हिंदू मुस्लिम धार्मिक नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए ।शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर इंदलकर के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद इंग्लिश हाई स्कूल सुभाष नगर के छात्रों ने महिला सुरक्षा और यातायात सुरक्षा के लिए रैली निकाली। रैली सुभाष नगर से शुरू हुई और सुभाष नगर पुलिस चौकी पर समाप्त हुई ।तत्पश्चात पुलिसकर्मियों ने महिला सुरक्षा को लेकर छात्रो का मार्गदर्शन किया ।वहीं गोपाल नगर स्थित डीडी दांडेकर विद्यालय के छात्राओं को पुलिस स्टेशन में लाकर उन्हें हथियारों और पुलिस के कामकाज के बारे में जानकारी देकर मार्गदर्शन किया गया ।इसी तरह नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भरत कामत के नेतृत्व में अंजुरफाटा के महादेव बाबूराव चौघुले कॉलेज में साइबर अपराध और महिला सुरक्षा पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।जहां पर पुलिस हवालदार विजय सोनवणे ने उपस्थित विद्यार्थियों को सायबर क्राईम संदर्भ में उपयुक्त मार्गदर्शन किया ।साथ ही महिला पुलिस उपनिरीक्षक सोनाली पाटील ने सावित्रीबाई फुले के जयंती को लेकर महिला सुरक्षा के संबंध में छात्रों का मार्गदर्शन किया। सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर निजामपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरक्षक ने समादिया हाई स्कूल में महिलाओझ की सुरक्षा व नशा मुक्ती,यतायात सुरक्षा सहित अन्य सावधानी के बारे में बच्चों को जानकारी दी ।पुलिस के इन सभी कार्यक्रमों को विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने जमकर प्रतिसाद दिया।

## भिवंडी क्राइम ब्रांच ने किया लूटपाट गिरोह का पर्दा फांस,एक आरोपी गिरफ्तार

चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ठाणे अपराध शाखा के अपर पोलीस आयुक्त व डीसीपी ने विशेष निर्देश जारी किया था ।जिसके बाद भिवंडी क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पोलीस निरीक्षक सचिन गायकवाड के मार्गदर्शन ने सपुनि धनराज केदार के नेतृत्व में पुलिस हवा मंगेश शिर्के, अमोल देसाई, अमोल इंगले को लेकर एक विशेष टीम बनाया गया। जिसके बाद उक्त टीम ने मुखबीर की सूचना के आधार पर अक्षय दीपक वर्मा उर्फ शिवा (27) को गिरफ्तार किया। साथ में 60 हजार रूपए चोरी के मोबाइल फोन और मोटर साइकल भी जब्त किया ।उन्होंने बताया की पुलिस ने शातिर चोर के पास से कुल 4 लाख 50 हजार 100 रुपये का माल जब्त किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार पेशेवर शातिर चोर के खिलाफ पहले से ही 14 मामले दर्ज है। जिस पर मोबाइल, बाइक चोरी और आर्म एक्ट सहित भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में 5 मामले, नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में 5 जबकि भोईवाडा और नारपोली पुलिस स्टेशन में 1 और कोनगांव पुलीस स्टेशन में 2 मामले दर्ज है ।

पृष्ठ 1/8 का शेष

## आव्हाड बदनाम होकर नाम

घाटे ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है ।घाटे ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। आव्हाड के बयान से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

आव्हाड को मांगनी होगी माफीः शुक्ला

इधर महाराष्ट्र रामलीला मंडल के उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला (Sandeep Shukla) ने कहा कि जितेंद्र आव्हाड लोगों की भावना आहत कर सिर्फ खेद जता रहे हैं, जबकि उन्हें खुले दिल से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा हम उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे। शुक्ला ने कहा कि रामचरित मानस और वाल्मीकि रामायण में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा गया है कि प्रभु श्री राम मांसाहार का सेवन करते थे। उन्होंने कहा कि विवाद पैदा करने के उद्देश्य और ओछी राजनीति के तहत यह विवादित बयान दिया गया है। यदि आव्हाड ने माफी नहीं मांगी तो हम उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे। साथ ही महाराष्ट्र के सभी रामलीला मंडलों से बातचीत कर विरोध प्रदर्शन का निर्णय भी लिया जाएगा।

## महालक्ष्मी रेसकोर्स की

के लिए 30 साल के लीज समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और शेष भूखंड को मनपा और बिल्डर के द्वारा विकास किया जाएगा । मीटिंग में टर्फ क्लब मैनेजमेंट को प्रस्ताव दिया गया कि 226 में से 91 एकड़ जगह पर बीएमसी 100 करोड़ रुपये खर्च कर घोड़ों के लिए स्तबल बनाएगी। आदित्य ने कहा कि मुंबईकरों की कमाई का पैसा घोड़ों के लिए स्तबल बनाने पर क्यों खर्च किया जाना चाहिए ? आदित्य ने आरोप लगाया कि आरडब्ल्यूआईटीसी ने बिना किसी क्लीयरेंस के एक स्लम प्रोजेक्ट के बारे में भी चर्चा की। आरडब्ल्यूआईटीसी के इन 2-3 सदस्यों ने मनपा आयुक्त से एक विशेष एजीएम के दौरान बाकी सदस्यों के सामने एक प्रजेंटेशन देने के लिए कहा है, ताकि समिति के बाकी सदस्यों को प्रभावित करने में मदद मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शिवसेना यहां बिल्डरों को एक भी ईंट नहीं रखने देगी ।आदित्य इससे पहले भी सीएम पर करीबियों के जरिए भ्रष्टाचार करने के आरोप लगा चुके हैं। इसमें मुंबई में सड़क घोटाला, फर्नीचर घोटाला, सेनेटरी पैड वेंडिग मशीन घोटाला और कंक्रीट घोटाले जैसे अन्य कथित घोटाले के आरोप शामिल हैं। बता दें कि उद्धव ठाकरे सरकार के दौरान रेसकोर्स में मुंबई के सबसे बड़े थीम पार्क की योजना बनाई गई थी , लेकिन शिंदे सरकार आने के बाद योजना ठंडे बस्ते में चली गई। ठाकरे ने इस संबंध में मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिंदे का करीबी एक डेवलपर रेस कोर्स मैनेजमेंट को रेस कोर्स के लिए कुछ जमीन आरक्षित करके बाकी जमीन विकसित करने की धमकी दे रहा है। लेकिन उन्होंने रेस कोर्स प्रबंधन को अपील किया है कि उन्हें इस दबाव में नहीं आना चाहिए। इससे पहले रेस कोर्स को मुलुंड में स्थानांतरित करने के कदम उठाए गए थे। लेकिन अब डेवलपर्स खुद पुनर्विकास के लिए मैनेजमेंट पर दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डेवलपर्स और ठेकेदार शिंदे सरकार का अपनी सुविधा के अनुसार उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने मुंबईकरों से रेस कोर्स को बचाने के लिए खड़े होने की अपील की है उन्होंने कहा कि यदि यह 226 एकड़ जमीन जिस पर मुंबईकरों का अधिकार है, डेवलपर्स के हाथों में जाती है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि महालक्ष्मी रेस कोर्स के इस भूखंड को वर्ष 1914 में रेस कोर्स मैनेजमेंट रॉयल वेस्टर्न इंडिया टर्फ क्लब आरडब्ल्यूआईटीसी को लीज पर दे दिया गया था। यह लीज वर्ष 2013 में ही खत्म हो गई है।

## अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की

क्रमशः चार लोगों और तीन लोगों ने बोली लगाई और एक ही व्यक्ति ने उन दोनों के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई. दोनों संपत्तियों की सफल बोली लगाने वाला एक ही व्यक्ति है, लेकिन अधिकारियों ने उसके नाम का खुलासा नहीं किया.बोली लगाने वाला दिल्ली का एक वकील बोली लगाने में शामिल रहे एक व्यक्ति ने बाद में मीडिया से कहा कि सफल बोली लगाने वाला दिल्ली का एक वकील है. अधिकारी ने बताया कि 1730 वर्ग मीटर की कृषि भूमि के लिए आरक्षित मूल्य 1,56,270 रुपये के मुकाबले 3.28 लाख रुपये की उच्चतम बोली लगाई गई. नीलामी की प्रक्रिया दक्षिण मुंबई के आयकर भवन में हुई.

सभी संपत्तियां रत्नागिरी के खेड़ तालुका के मुंबाके गांव में स्थित हैं. जहां 67 वर्षीय दाऊद और उसके भाई-बहनों ने 1970 के दशक के अंत में मुंबई आने से पहले अपना शुरुआती बचपन गुजारा था. इन जब्त की गई कृषि संपत्तियों की नीलामी वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली के तहत स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम, 1985 और बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1998 के तहत मुंबई में आयोजित की गई थी. माना जाता है कि साल 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में वांछित आरोपी इब्राहिम पाकिस्तान में है.

# भिवंडी में रेझींग डे के मद्देनजर पुलिस महकमे द्वारा निकाली गई शांति रैली

## विभिन्न जाति धर्म के लोगों के साथ स्कूली छात्र व पुलिस के अधिकारी हुए सहभागी




सिटी न्यूज मुंबई/गनी खानभिवंडी पुलिस द्वारा रेझिंग डे के मद्देनजर शुक्रवार को शहर के अलग अलग हिस्सों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।डीसीपी के नेतृत्व में निकाली गई शांति रैली में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल रही।वही स्कूलों व कालेजों में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर महिला सुरक्षा के अलावा अन्य विषयों पर मार्गदर्शन किया गया।साथ ही नुक्कड़ नाटक द्वारा जनजागृति कराया गया।जिसकी शहर में जमकर सराहना हो रही है।पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले के मार्गदर्शन में भिवंडी पुलिस द्वारा शांति समिति, कौमी एकता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में रेझिंग डे के अवसर पर स्व आनंद दिघे चौक से शिवाजी शेष पृष्ठ 7 पर

# भिवंडी क्राइम ब्रांच ने किया लूटपाट गिरोह का पर्दाफांस,एक आरोपी गिरफ्तार

- 5 मोटर साइकिल, मोबाइल सहित 4 लाख 50 हजार का माल बरामद
- मुंबई, ठाणे, भिवंडी, वसई, विरार में चोरी के 14 मामले का हुआ भंडाफोड़



सिटी न्यूज मुंबईभिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट 2 ने मुंबई, ठाणे, भिवंडी, वसई आदि क्षेत्रों में मोबाइल फोन और मोटर साइकिल चुराने वाले गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जिसके पास से पुलिस ने चोरी के 5 मोटर साइकिल और 7 मोबाइल फोन सहित कुल 4 लाख 50 हजार रुपये का माल जब्त किया है।इस आरोपी के पकड़े जाने के बाद विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज 14 चोरी के मामले उजागर हो गए है। भिवंडी क्राइम ब्रांच सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार ने बताया कि मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन की जबरन शेष पृष्ठ 7 पर




# "Capturing Happiness": Retake's Day of Spreading Positivity.

"Smile, it's a free therapy", and to make this therapy applicable in real life the students of L.S Raheja College of Arts and Commerce from the BAMMC Department undertook ISR activity at Signal Shala Samarth Bharat Vyaspeeth under the banner of Retake 2024. Retake is a national intercollegiate mass media festival conducted every year by enthusiastic students of the BAMMC department.

This collaborative effort of the ISR aimed at creating a positive impact on the community and showcases the power of Quality Education that would drive a positive change on the community. The students recognized the therapeutic value of smile and took this philosophy applicable in real-life initiatives. The



ISR was conducted on 30th December, 2023. The students collected various goodies such as stationery items, hair bands and clips, caps, chocolates, biscuits, rubber bands, and sanitary pads. Team Retake tied blue bands to the children and clicked those smiling moments into lifetime memories.

It was possible to spread joy and warmth among the students of Signal Shala Samarth Bharat Vyaspeeth by the "Muskaan" NGO. Team Retake cherishes those moments and will always look further to undertake the ISR for bringing an overwhelming change in the society. As the Mahol is filled with all positivity the team is all set to embark on the remarkable journey of Retake 2024.

यह दैनिक मालक-मुद्रक-प्रकाशक, संपादक मोहम्मद शकील अब्दुल रफीक ने सिटी इन्टरप्राजेस धरती कॉम्पलेक्स शॉप नं. 11, एवरशाईन नगर, मिरा रोड (पूर्व), जिल्हा - ठाणे से प्रकाशित किया, मुख्य कार्या लय- धरती कॉम्पलेक्स शॉप नं. 11, एवरशाईन नगर, मिरा रोड (पूर्व), जिल्हा - ठाणे महाराष्ट्र।मुंबई कार्या लय- शॉप नं. 14 उपाध्याय इंडस्ट्रियल इस्टेट, दहिसर चेक नाका, मुंबई इस समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है किसी भी विवाद का निपटारा मा. ठाणे न्यायालय के अधीन होगा संपादक मो. शकील अ. रफीक : मो. 9869128483
Email : shakeelsahara@gmail.com / citynewsmumbai@gmail.com website : www.citynewsmumbai.in RNI No. : MAHHIN/2012/47486